देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 174 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**बेतुकी बयानबाजी से बचें



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39 | 2 यूएस यूके ने नागरिकों को किया अलट | 7 भारत के सबसे बड़े बल्लेबाज बने पंत

# देश के लिए जान कुर्बान

## सुरनकोट मुठभेड़ जेसीओ समेत 5 जवान शहीद, एक आतंकी के मारे जाने की भी सूचना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राजौरी। सुरनकोट में जारी मुठभेड़ में सेना को भारी नुकसान हुआ है। मुठभेड़ के दौरान सेना के जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए हैं। वहीं एक आतंकी के मारे जाने की भी सूचना है। यह मठुभेड़ जिला पुंछ में नियंत्रण रेखा से सटे सुरनकोट इलाके के जंगल में अभी भी जारी है। घेराबंदी में तीन से चार आतंकियों के घिरे होने की सूचना है। साथियों की शहादत के बाद जवानों ने अपना अभियान तेज कर दिया है। आतंकी मुठभेड़ से बचकर न निकल भागें इसके लिए घेराबंदी को और मजबूत बनाया जा रहा है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सुरनकोट नियंत्रण रेखा से सटे डेरा की गली के जंगलों में संदिग्ध I देखे जाने की सूचना के आधार पर एसओजी, सेना ने सुबह से तलाशी अभियान चलाया हुआ था। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को जंगल में आतंकियों के मौजूद होने के सबूत मिले। सुरक्षाबलों ने आतंकियों का पीछा शुरू कर दिया। जब सुरक्षाकर्मी आतंकियों के नजदीक पहुंच गए तो पेड़ों की होड़ में छिपे आतंकियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में नायब सुबेदार जसविंदर सिंह, नायक मंदीप सिंह, पंजाब के सिपाही गज्जन सिंह, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के सिपाही सराज सिंह और केरल के कोल्लम जिला अंतर्गत पड़ने वाले कोट्टारकारा के सिपाही वैसाख एच शहीद हो गए।

मुठभेड़ में जेसीओ और चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों को सैन्य अस्पताल ले जाया गया परंतु इलाज के दौरान पांचों जवानों ने जख्मों का ताव न सहते हुए दम तोड़ दिया। वहीं जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के पीआरओ ने भी जेसीओ समेत पांच जवानों के शहीद होने की पुष्टि की है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना ने सुरनकोट पुंछ में स्थित डेरा की गली के पास के गांवों में तलाशी अभियान शुरू किया।

सेना के जवान जब जंगल में पहुंचे तो वहां छिपे आतंकियों ने उन पर अचानक से गोलीबारी शुरू कर दी। इसी दौरान जेसीओ समेत पांच जवान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि जंगल में 4 से 5 आतंकवादी घेरे हुए हैं।

### मुल्क की गोली से मरे वो ठीक है, और अगर मिलिटेंट की गोली से मरे वो गलत

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि आतंकवादियों की गोलियों से मरने वालों के परिजनों से मिलते हैं, तो हमें मिलने दिया है। ये कैसा सिस्टम है इनका, कोई हमारे मुल्क की गोली से मरे वो ठीक है, और अगर मिलिटेंट की गोली से मरे वो गलत।



### क्यों बौखलाया हुआ है पाकिस्तान?

पाकिस्तान कई कारणों से बौखलाया हुआ है। अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू–कश्मीर को मिला विशेष दर्जा खत्म होने के बाद बड़े पैमाने पर उथलपुथल की आशंका थी जो गलत साबित हुई। सुरक्षा बलों ने यहां काफी हद तक शांति बनाए रखने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को यह बात कतई हजम नहीं हो रही थी। कश्मीर का राग अलापने के लिए उसका सुलगना जरूरी है। पाकिस्तान यही चाहता है। मौका देखते ही उसने अपनी चाल चल दी। वह स्थानीय मॉड्यूल के जरिये अपने मंसूबों को परवान चढ़ाने की जुगत में लगा है।

### युवाओं को किया जा रहा गुमराह

सुरक्षा एजेंसियों के हत्थे पिछले महीने एक आतंकी चढ़ा था। उसका नाम अली बाबर है। उसने बताया था कि उसके घर में कोई कमाने वाला नहीं था। फैक्ट्री में उसकी मुलाकात एक लड़के से हुई। वो लड़का लश्कर के लिए काम करता था। बाबर को पैसों की जरूरत थी। लड़के ने 20 हजार रुपये दिए। इसके बाद जिहाद के लिए तैयार रहने को कहा। इंटेलिजेंस एजेंसी की एक रिपोर्ट में हाल में बताया गया था कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठनों ने युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती के लिए नई रणनीति बनाई है। कश्मीरी युवाओं को अब पत्थर फेंकने के बजाय ग्रेनेड फेंकने के लिए उकसाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आशीष मिश्रा को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। लखीमपुर खीरी में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन बाद हिंसा में चार किसान सहित आठ लोगों की मृत्यु के मुख्य आरोपित केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा मोनू पर शिकंजा कसता जा रहा है। शनिवार देर रात गिरफ्तारी के बाद जेल भेजे गए आशीष मिश्र मोनू की पुलिस कस्टडी रिमांड पर सोमवार को सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### गृहमंत्री जम्मू–कश्मीर, गोवा, अंडमान और उत्तराखंड का करेंगे दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अगले कुछ दिनों में जम्मू–कश्मीर, गोवा, अंडमान–निकोबार द्वीप समूह और उत्तराखंड का दौरा करेंगे। गृहमंत्री अगले एक पखवाड़े में इनसभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पहले से तय किए गए कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

# देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई मिलेगी

## अंतरिक्ष में भारत को अगुवा बनाने के लिए आईएसपीए लांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडियन स्पेस एसोसिएशन को लांच कर दिया। उन्होंने इसका शुभारंभ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया। इससे देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई मिलेगी और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना भी साकार होगा। इतना ही नहीं ये अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश को अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। अंतरिक्ष और उपग्रह से जुड़ी कंपनियां इस एसोसिएशन की सदस्य होंगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज जितनी निर्णायक सरकार भारत में है, उतनी पहले कभी नहीं रही।

स्पेस सेक्टर और स्पेस टेक के लिए भारत में हुए बड़ी सुधार इसकी एक कड़ी है। उन्होंने इंडियन स्पेस एसोसिएशन–इस्पा के गठन के लिए सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत में अपार क्षमता और संभावना हैं। उन्होंने ये भी कहा कि एफिशिएंसी की ब्रांड वैल्यू को हमें और निखारना होगा। इसको निरंतर प्रमोट करना होगा। अपने दम पर जब भारत आगे बढ़ेगा तो वैश्विक स्तर पर भारत आगे बढ़ेगा। इस काम में सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। उन्होंने इसके चार अहम पिलर बताए। पहला प्राइवेट सेक्टर को इनोवेशन की आजादी , दूसरा सरकार कीइनोवलर के रूप में भूमिका, तीसरा भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करना औश्र चौथा है स्पेस सेक्टर को सामान्य मानवीकी प्रगति के साधन के रूप में देखना।

सरकार पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज को लेकर एक स्पष्ट नीति के साथ आगे बढ़ रही है और जहां सरकार की आवश्यकता नहीं है, ऐसे ज्यादातर सेक्टर्स को प्राइवेट एंटरप्राइजेज के लिए खोल रही है।

### भारत में पहले कभी इतनी निर्णायक सरकार नहीं रही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में सहभागिता निभाने की आकांक्षा रखने वाले उद्योगों के संगठन 'इंडियन स्पेस एसोसिएशन' (आईएसपीए) की शुरुआत करते हुए सोमवार को अपनी सरकार की सुधार संबंधी प्रतिबद्धताओं को रेखांकित किया और कहा कि देश में कभी इतनी निर्णायक सरकार नहीं रही। मोदी ने नुकसान में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन एअर इंडिया का निजीकरण करने में सरकार की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उसकी प्रतिबद्धता और गंभीरता को दर्शाता है।

# यशपाल आर्य व उनके पुत्र कांग्रेस में हुए शामिल

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। परिवहन मंत्री यशपाल आर्य और उनके विधायक बेटे संजीव आर्य आज दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव की उपस्थिति में प्रेस वार्ता में यशपाल और संजीव आर्य ने वापसी की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और पूर्व सीएम हरीश रावत भी मौजूद रहे। यशपाल आर्य बाजपुर और उनके बेटे संजीव आर्य नैनीताल सीट से विधायक हैं। यशपाल आर्य उत्तराखंड की भाजपा सरकार में मंत्री थे और उनके पास छह महत्वपूर्ण विभाग थे। जिसमें परिवहन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण, निर्वाचन और आबकारी विभाग शामिल थे।

कांग्रेस में वापसी के बाद यशपाल आर्य ने कहा आज का दिन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी के प्रयासों से आज पुनः अपने परिवार में शामिल हो रहा हूं। सुकून महसूस कर रहा हूं। मेरे सियासी सफर का आगाज कांग्रेस से हुआ। मैंने 40 साल तक कांग्रेस में काम किया है। यूपी से लेकर उत्तराखंड तक, जिला अध्यक्ष से लेकर स्पीकर के रूप में सेवा दी है। दो बार पीसीसी का अध्यक्ष रहा। कांग्रेस ने मुझे हमेशा बड़ी जिम्मेदारी दी। आज फिर से कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। मेरा धर्म–कर्म होगा कि कांग्रेस को उत्तराखंड में स्थापित करने में काम करुं। कांग्रेस मजबूत होगी तो लोकतंत्र मजबूत होगा, एक कार्यकर्ता के रूप में काम करुंगा। यशपाल ने कहा कि अब कोई लालसा नहीं है, जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे इमानदारी से निभाऊंगा।

### झटका

■कांग्रेस ने मुझे हमेशा बड़ी जिम्मेदारी दीः यशपाल आर्य

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चक्रवाती तूफान 'जवाद' का खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की वापसी के लिए स्थितियां अनुकूल बन रही हैं। अगले 24 घंटों के दौरान गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी हो सकती है। इस बीच मौसम विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान का दबाव बन रहा है। चक्रवाती तूफान का नाम जवाद है ।

इसका असर उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र पर पड़ेगा, जबकि दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब भी प्रभावित हो सकते हैं। स्काईमेट वेदर के मुताबिक एक और चक्रवात हवाओं का क्षेत्र उत्तरी अंडमान सागर और आसपास का क्षेत्र पर बना हुआ है जो औसत समुद्र तल से 5.8 किमी तक फैला हुआ है। यह और अधिक चिह्नित होने की उम्मीद है और बाद में 2–3 दिनों के दौरान यह पश्चिम उत्तर–पश्चिम दिशा में दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ जाएगा।

### कुछ राज्यों में भारी बारिश की संभावना